## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भारतीय सेना ने 26 जगहों पर पाकिस्तान के ड्रोन हमले को किया विफल, पीओके में सैन्य चौकी को किया तबाह।
- भारत–पाक में बढ़ते तनाव के बीच झारखंड में विशेष सतर्कता, सार्वजनिक स्थलों और आर्मी कैंप इलाकों में बढ़ी निगरानी, केन्द्र ने नागरिक सुरक्षा उपायों में बढ़ोतरी का दिया निर्देश।
- अब मरीज के शव को किसी भी कारण से रोक नहीं सकेंगे निजी अस्पताल, राज्य सरकार ने जारी किया सख्त निर्देश।
- लातेहार में पुलिस ने चार माओवादी समर्थकों को किया गिरफ्तार, जामताड़ा में छह साइबर अपराधी भी पकड़े गये।
- रांची के बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन भारतीय अंडर–23 के संभावितों में शामिल, 26 मई से बेंगलुरु में शुरु होगा हाई परफॉर्मिंस कैंप।

*****************

पाकिस्तान ने कल रात करीब 400 ड्रोन का इस्तेमाल करके लेह से लेकर सरक्रीक तक 26 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन–काइनेटिक तरीकों का इस्तेमाल करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पीओके में पाकिस्तान की एक प्रमुख सैन्य चौकी को भी तबाह कर दिया है। नई दिल्ली में एक विशेष ब्रीफिंग में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, उन्होंने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की।

*****************

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सार्वजनिक स्थलों और आर्मी कैंप इलाकों की निगरानी बढ़ा दी गयी है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों, सार्वजनिक उपक्रमों, तेल डिपो और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सख्त कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने नेताओं की सुरक्षा को लेकर सभी जिलों के एसपी को सतर्क रहने को कहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने एहतियाती कदम भी उठाने शुरु कर दिये हैं। सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं और अस्पतालों में बेड सुरक्षित किये गये हैं।

*****************

इस बीच अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को पत्र लिखकर खतरे का पुनर्मूल्यांकन और नागरिक सुरक्षा उपायों में बढ़ोतरी के निर्देश दिये हैं। इसके बाद राज्य में सिविल डिफेंस एडवाइजरी कमिटी के गठन की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है।

*****************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की है। जमशेदपुर के बिष्टुपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत की ओर से पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया जा रहा है।

*****************

किसी मरीज की मृत्यु के बाद बिल भुगतान नहीं होने पर अब कोई अस्पताल शव को रोक नहीं सकेगा। राज्य सरकार ने केंद्र के इस निर्देश को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग ने सभी उपायुक्तों तथा सिविल सर्जनों को पत्र भेजकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सभी उपायुक्तों और सिविल सर्जनों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मरीजों की शिकायतों को सुलझाने और चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पेंशेंट राइट एवं रेस्पांसिबिलिटी चार्टर को लागू किया है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के चार समर्थकों को गिरफ्तार किया है। चारों को जेल भेज दिया गया है। बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि तकनीकी सेल की मदद से इनकी गिरफ्तारी की गयी है। ये सभी माओवादियों को खाने, ठहरने के साथ–साथ अन्य सुविधाएं मुहैया कराते थे।

*****************

इधर जामताड़ा में पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी नारायणपुर थाना क्षेत्र से की गयी है। पुलिस अधीक्षक डा एहतेशाम बकारिब ने बताया कि इनके पास से पुलिस ने कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी बैंक अधिकारी बनकर लोगों के साथ ठगी किया करते थे।

*****************

लोहरदगा जिले में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और इसका फायदा लाभुकों को मिल रहा है।

*****************

राज्य में फिर गर्मी बढ़ने लगी है। राजधानी रांची में पिछले छह दिनों में तापमान में पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। तीन मई को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री था जो शुक्रवार को बढ़कर 36.4 डिग्री हो गया। उधर, पलामू में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है।

*****************

रांची के बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन का चयन भारतीय अंडर–23 के संभावितों में किया गया है। अंडर 23 क्रिकेट टीम का हाई परफार्मेंस कैंप 26 मई से 14 जून तक एनसीए बेंगलुरु में चलेगा। इसके लिए सभी संभावित खिलाड़ियों को 25 मई तक रिपोर्ट करने को कहा गया है।

*****************

शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारत की दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय मिक्स्ड टीम भी कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंच गई है। महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में झारखंड की रहने वाली दीपिका कुमारी ने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में दीपिका का सामना दक्षिण कोरिया की लिम सिहयोन से होगा।

*****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दूसरे दिन भी पाकिस्तान के नापाक हमले को भारतीय सेना द्वारा विफल करने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जमीन पर उतरी जंग, पंजाब सीमा पर भारत–पाक के टैंक आमने–सामने।

दैनिक जागरण लिखता है– देश के 32 हवाई अड्डे 15 तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में सिविल डिफेंस एडवाइजरी कमेटी जल्द।

प्रभात खबर के शब्द हैं– नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से रांची और गुमला हुए बाहर।

*************